हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 17 जुलाई 2025

06 कुबेरेश्वरधाम पर ढाई क्विंटल मावे की बर्फी का...


09 विकास कार्यों में लेट लतीफी नहीं होगी बर्दाश्त...




## खबर संक्षेप

### किसानों के बैंक खाते 17 जुलाई तक आधार से लिंक कराएं

**सीहोर।** मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना 2024 के अंतर्गत कृषकों की आय संवर्धन एवं आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाल किसानों को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये है कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले 150 किसानों के बैंक खाते आधार से लिंक न होने के कारण समर्थन मूल्य की राशि का भुगतान किसान के बैंक खाते में किया गया था। उन किसानों का विवरण, ई-उपार्जन पोर्टल के सभी लॉगिन में बैंक खाता आधार से लिंक न कराने वाले किसानों के बैंक खाते लिंक पर उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधितों को निर्देश दिये है कि किसानों के बैंक खाता 17 जुलाई तक आधार से लिंक कराये ताकि मुख्यमंत्री कृषि उन्नति योजना 2024 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान विकय करने वाले किसानों को पोत्साहन राशि का भुगतान आधार लिंक खाते में किया जा सकें। इसके लिए किसान का बैंक खाता आधार से लिंक होना अनिवार्य है। किसान का बैंक खाता आधार से लिंक न होने पर कृषि विभाग द्वारा प्रोत्साहन की राशि का भुगतान किया जाना संभव नहीं होगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने किसानों से अपील की है कि वो अपना बैंक खाता आधार से लिंक शीध्र कराये प्रोत्साहन की राशि का भुगतान किया जा सकें।

### पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए शुरू होगा अभियान

**सीहोर।** आयुक्त भू-अभिलेख ने बताया है कि पीएम किसान योजना सैचुरेशन के लिए प्रदेश में अभियान चलाया जाएगा, जिसमें अधिक से अधिक किसानों से संपर्क कर सेचुरेशन से शेष रह गए किसानों से कार्यवाही पूर्ण कराई जाएगी और लाभ वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। अभियान के बेहतर संचालन के लिये तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। किसानों द्वारा ई-केवायसी एवं आधार बैंक खाता डीबीटी के लिए इनेवल करने की कार्यवाही कर ली गई है। जिले में किसानों द्वारा फार्मर रजिस्ट्री बनाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत पात्र कृषक परिवारों को वर्ष में कुल 6 हजार रूपये की राशि प्रदान की जा रही है। योजना की अनिवार्य कार्यवाही ई-केवायसी, आधार, बैंक खाता, डीबीटी केलिए इनेवल एवं फार्मर रजिस्ट्री जैसी अनिवार्य कार्यवाही पूर्ण उपरांत ही हितग्राहियों को राशि प्राप्त होती है। योजना की 20वी किस्त माह जुलाई 2025 में किया जाना प्रस्तावित है।

## वार्ड पार्षद लोगों की समस्याएं कराते हैं समय पर हल, लेकिन वार्ड में अभी भी बाकी हैं कई विकास कार्य

# सुकून के पल बिताने वार्ड में नहीं है पार्क निर्धारित समय पर नलों से नहीं आता पानी

**वार्ड क्रमांक 10 की कहानी लोगों की जुबानी**

### वार्ड में दो सार्वजनिक कुएं, दोनों लोहे की जाली से कवर हैं, एक दिन छोड़कर आ रहे नल, वार्डवासियों की इच्छा बने पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

**फैक्ट फाइल**

**3500** आबादी

**2387** मतदाता (2022 के अनुसार)

**600** मकानों की संख्या

**प्रमुख क्षेत्र :** रानी मोहल्ला, सुदामा नगर, शिवाजी कालोनी, पुराना बस स्टैंड शामिल है।



हरिभूमि द्वारा वार्ड स्कैन की सीरिज में शहर के गंज क्षेत्र स्थित वार्ड क्रमांक 10 में लोगों की समस्याएं जानी व पार्षद द्वारा वार्ड में कराए कामों को भी समझने का प्रयास किया। वार्ड क्रमांक 10 में कांग्रेस से पार्षद विवेक राठौर हैं, वह नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। यह उनका दूसरा कार्यकाल है। इससे पहले उनकी पत्नी नमिता राठौर यहां से पार्षद थीं, जो कुछ समय के लिए नपा अध्यक्ष भी बनीं।

वार्ड क्रमांक 10 में बड़े क्षेत्र के रूप में रानी मोहल्ला, सुदामा नगर, शिवाजी कॉलोनी, पुराना बस स्टैंड क्षेत्र का हिस्सा शामिल हैं। हरिभूमि वार्ड स्कैन के दौरान वार्डवासियों से वार्ड में पेयजल समस्या, सड़क, डोर टू डोर कचरा वाहन सहित अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान वार्डवासियों ने बताया कि पार्षद विवेक राठौर का काम बहुत अच्छा है। वार्ड में एक दिन छोड़कर नलों से पानी आता है। हालांकि कुछ क्षेत्रों में आधा घंटा पानी आता है, जो प्रेशर से नहीं आ रहा है। वार्ड में दो सार्वजनिक कुएं हैं, दोनों ही कुओं पर सेफ्टी के लिए लोहे की जाली लगी है। साथ ही रानी मोहल्ला क्षेत्र में किसी अनहोनी को देखते हुए नाले पर लोहे की बड़ी भारी जाली लगवाई गई है, ताकि कोई हादसा न हो।

#### वार्ड में पार्क होना चाहिए

पड़ताल के दौरान वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 में कोई विशेष समस्या नहीं है। हालांकि यदि वार्ड के पास में ही मौजूद दशहरा मैदान पर एक सुव्यवस्थित पार्क बन जाए तो गंज क्षेत्र के लिए बहुत अच्छा हो। पार्क में बच्चे खेल सके साथ ही बुजूर्ग भी सुकून के दो पल बिता सकें।



### क्या बोले वार्ड नंबर 10 के रहवासी

#### कोई बड़ी समस्या नहीं



वार्ड में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है, यहां के पार्षद बहुत अच्छा रोल प्ले कर रहे हैं। ऐनी टाईम उन्हें फोन करो, कैसी भी समस्या हो छोटी-बड़ी वह तत्काल समस्या का समाधान करने में तत्पर रहते हैं। हम संतुष्ट है।

*इंजी. शुभम् श्रीवास्तव, वार्डवासी*

#### पार्क बनाया जाए



वार्ड क्रमांक 10 में कोई समस्या नहीं है। वार्ड पार्षद विवेक राठौर बहुत सक्रिय रहते हैं। एक छोटी सी इच्छा यह है कि पूरे गंज क्षेत्र के लिए है कि एक पार्क बन जाए, ताकि बच्चे यहां खेल सके और बुजूर्ग भी सुकून के दो पल बिता सके।

*विजय राठौर, वार्डवासी*

#### एक दिन बाद आते हैं नल



हमारे वार्ड में कोई परेशानी नहीं है। हमारे पार्षद महोदय इतने अच्छे है कि एक बार समस्याएं बताएं वह तुरंत उस समस्या को दूर कर देते हैं। नल एक दिन छोड़कर आ रहे हैं, कचरा गाड़ी भी प्रतिदिन आ रही है।

*कमलेश गुप्ता, दुकानदार*

#### पार्षद करते हैं भ्रमण



हमारे वार्ड में कोई समस्या नहीं है। कचरा गाड़ी भी सुबह से आ जाती है। नलों से भी बराबर पानी आ रहा है। वार्ड पार्षद बहुत सक्रिय रहते हैं, वह लगातार वार्ड में भ्रमण कर जनता से वार्ड की समस्याओं के बारे में पूछते रहते हैं।

*अलका राठौर, वार्डवासी गंज बजरिया*

#### वार्ड में अनेक समस्याएं हैं



वार्ड में बहुत काम बाकी है। वार्ड में कुछ कुओं की मरम्मत बाकी है, कुछ रोड बाकी पड़े हैं। नालियों की साफ सफाई समय पर नहीं होती। वार्ड में कई और अनेक समस्याएं हैं, जिनका निराकरण समय पर नहीं हो रहा है।

*राजू सिरकवार, प्रतिद्वंदी प्रत्याशी वार्ड 10*

#### हरिभूमि की अपील

पिछले अन्य दो वार्डों की भांति वार्ड क्रमांक 10 में भी हरिभूमि वार्ड स्कैन किया गया। समस्या और अच्छाई दोनों को देखने का प्रयास किया गया, जैसा वार्डवासियों ने बताया वैसा ही प्रकाशित किया गया है। फिर भी हरिभूमि वार्डवासियों से अपील करता है कि यदि हमसे समस्याएं छूट गई हो या वार्ड में अन्य विशेष समस्याएं हो तो वाट्सअप नं. 9755123812 पर फोटो वीडियो भेजे, ताकि समस्याओं को लेकर भी वार्ड की दूसरी खबर प्रकाशित की जा सके।

हरिभूमि वार्ड -स्कैन

#### जिम्मेदारी से होता है समाधान



वार्ड में हर समस्या के निराकरण का प्रयास करता हूं। पिछली परिषद में मेरी पत्नी पार्षद थीं, इस बार जनता ने मुझे मौका दिया है। वार्ड में समस्या होती है तो उनका समाधान जिम्मेदारी से कराया जाता है।

*विवेक राठौर, नेताप्रतिपक्ष व पार्षद वार्ड क्र. 10*

#### समय पर नल आएं



हमारे वार्ड क्रमांक 10 में कोई समस्या नहीं है। एक समस्या है वह नल की है। नल एक दिन छोड़कर आते हैं। हमारे शिवाजी नगर में नलों में प्रेशर से पानी नहीं आता, बस यही एक छोटी सी समस्या है।

*वंदना राठौर, वार्डवासी*

#### पानी का समय हो निर्धारित



वार्ड में ऐसी कोई विशेष समस्या नहीं है, जिसे बताया जा सके। साफ सफाई नियमित होती है, कचरा गाड़ी भी आती है। एक छोटी सी समस्या है वह यह कि नलों से एक दिन छोड़कर पानी आता है, जिसका समय निर्धारित नहीं है।

*दीपमाला सिसोदिया, शिवाजी कॉलोनी*

## सगे फूफा ने रिश्तों को तार-तार कर भतीजी से किया दुष्कर्म, राजीनामे के बाद भी कोर्ट ने दी उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में एक अत्यंत गंभीर दुष्कर्म के मामले में सातवीं कक्षा की मासूम भतीजी के साथ रिश्तों को तार-तार कर करने वाले फूफा ने परिजनों से राजीनामा कर लिया था, लेकिन कोर्ट ने इस घटना को गंभीर मानते हुए फूफा को कोई रियायत नहीं बरतते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पाक्सो न्यायालय की विशेष न्यायाधीश सुनीता सिंह ठाकुर ने इस मामले के दौरान यह फैसला सुनाया कि ऐसे अपराधों के प्रति कोई दया नहीं बरती जानी चाहिए, खासकर जब निर्दोष बच्चियों की जिंदगी पर इसका बुरा असर पड़ता है। न्यायाधीश ने कहा कि मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म जैसी घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बनाती हैं और ऐसे अपराधियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार के अपराधों को रोकने में मदद मिले। यह फैसला न केवल पीड़िता के लिए न्याय है, बल्कि यह सभी उन परिवारों के लिए भी एक संदेश है जो इस तरह की घटनाओं से गुजरते हैं।

न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि बच्चों के प्रति इस प्रकार की करतूत करने वालों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए, ताकि समाज में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए एक उदाहरण पेश किया जा सके। ये था पूरा घटनाक्रमविशेष लोक अभियोजक केदार सिंह कौरव ने मामले की पैरवी करते हुए बताया कि मामला 17 अक्टूबर 2023 का है। पीड़िता ने थाना बुधनी में उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि उसकी माता गुजरात रहती है। 17 अक्टूबर को उसका फूफा घर आए और उसे बहला फुसलाकर ले गए। इसके बाद रास्ते में जंगल में रात करीब 9 बजे मोटर साइकिल रोक की और शराब पीने लगे और पीड़िता को भी जबरन शराब पिलाई। फिर पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया और पीड़िता को उसके घर छोड़ दिया। पीड़िता ने दादी को उक्त घटना की जानकारी दी और थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस अनुसंधान पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षो में राजीनामा हो गया था। इसके बाद भी न्यायालय द्वारा अभियोजन पक्ष के तर्कों एवं साक्ष्य से सहमत होते हुए आरोपी फूफा को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया।

## अवैध बिजली से चमक रही तुलसी आंगन कॉलोनी पर कार्रवाई, कनेक्शन भी काटा

**हरिभूमि ने प्रमुखता से छापी थी खबर, विभाग की टीम ने की कार्रवाई**



कॉलोनी के लिए भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर ली गई थीं अनुमतियां

फर्जी अनुमतियां लेकर बनी तुलसी आंगन कॉलोनी में बिजली भी अवैध!

एमपीईबी ने निरस्त किया आवेदन, फिर भी कॉलोनी में जल रही लाइटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के इछावर में निर्माणाधीन तुलसी आंगन कॉलोनी लगातार विवादों में है। पहले इस कॉलोनी के निर्माण के लिए शहरी क्षेत्र की जमीन पर ग्राम पंचायत से अनुमतियां ले ली गईं। इसके बाद इसका निर्माण भी शुरू कर दिया गया, लेकिन जब मामले की पोल खुली तो आनन-फानन में सभी अनुमतियों को निरस्त किया गया। अब इस कॉलोनी में बिजली भी अवैध तरीके से जलाई जा रही है। दरअसल तुलसी आंगन कॉलोनी में बिजली कनेक्शन के लिए कॉलोनाइजर द्वारा ऑनलाईन आवेदन किया गया था। इसके बाद जब बिजली कंपनी ने कॉलोनाइजर के दस्तावेजों की जांच की तो यह फर्जी पाए गए। इसके बाद बिजली विभाग द्वारा इलेक्ट्रीफिकेशन के आवेदन को निरस्त कर दिया गया है। इसके बाद भी कॉलोनी में बिजली जलाई जा रही है और कंपनी को चूना लगाया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार इछावर के नगरीय क्षेत्र में कॉलोनाइजर द्वारा तुलसी आंगन कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। यह कॉलोनी यूं तो नगरीय क्षेत्र में है, लेकिन इसके निर्माण के लिए ग्राम पंचायत पालखेड़ी से इसकी फर्जी अनुमतियां लेकर राजस्व विभाग को करोड़ों की चपत लगाई गई। फर्जी अनुमतियों के आधार पर इसका निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया गया। कॉलोनाइजर द्वारा खसरा नंबर 568/573/1, 545, 546, 548, 549, 550, 547, 562/1, 562/2, 563/1, 563/2, 564/1, 564/2, 565/1, 566/1, 565/2, 566/2, 567/1, 567/2, 569/1, 569/2, 570/1, 570/2/1 नंबर की जमीन कॉलोनी के लिए ली गई। यह कुल रकबा 11.0310 हेक्टेयर का है और इसमें से 3.238 हेक्टेयर में कॉलोनी विकास की अनुमति मांगी गई थी। जब मामला सामने आया तो आनन-फानन में पालखेड़ी पंचायत के सचिव भूपेंद्र द्वारा अनुमतियां निरस्त करने के लिए एसडीएम इछावर को पत्र लिखा गया। इस कॉलोनी के निर्माण को लेकर कलेक्टर द्वारा भी आदेश जारी करके रोक लगाई गई है।

अब अवैध बिजली से चमक रही कॉलोनी : तुलसी आंगन कॉलोनी में अब कॉलोनाइजर द्वारा अवैध तरीके से बिजली जलाई जा रही है। यह कॉलोनी अवैध बिजली से चमचमा रही है। कॉलोनी में बिजली कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया गया था, लेकिन जब विभाग ने दस्तावेजों की जांच की तो सभी दस्तावेज फर्जी पाए गए और बिजली विभाग ने ऑनलाइन आवेदन को निरस्त करते हुए बिजली कनेक्शन देने से ही मना कर दिया है।

हरिभूमि पड़ताल

जांच करके कार्रवाई करेंगे

तुलसी आंगन कॉलोनी के लिए फाइल आई थी, लेकिन वह रिजेक्ट हो गई है। यदि कॉलोनी में बिजली की सप्लाई है तो उसकी जांच करके कार्रवाई करेंगे।

संतलाल उइके, एमपीईबी, इछावर



**खबर का असर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के इछावर में अवैध बिजली कनेक्शन से चमक रही तुलसी आंगन कॉलोनी पर बिजली विभाग ने कार्रवाई की है। इस दौरान पंचनामा तैयार करके कॉलोनी की बिजली भी काटी गई है। विभाग की कार्रवाई में अवैध तरीके से बिजली कनेक्शन होना पाया गया। तुलसी आंगन कॉलोनी में अवैध बिजली कनेक्शन को लेकर हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया था। इसके बाद बिजली विभाग की टीम ने पहुंचकर कॉलोनी के बिजली कनेक्शन की जांच की एवं जांच में यह अवैध पाया गया। घरेलू बिजली कनेक्शन से कामर्शियल बिजली जलाई जा रही थी। यहां बता दें कि तुलसी आंगन कॉलोनी के कॉलोनाईजर यश शर्मा ने ऑनलाइन बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन किया था, लेकिन विभाग की जांच में कॉलोनी की अनुमति एवं दस्तावेज अवैध पाए गए थे। इसके बाद बिजली विभाग ने ऑनलाइन कनेक्शन के लिए किए गए आवेदन को भी निरस्त करते हुए बिजली कनेक्शन देने से ही मना कर दिया था। इसके बाद कॉलोनाइजर द्वारा अवैध तरीके से बिजली जलाकर कॉलोनी में रोशनी की गई थी। अब इस पर भी बिजली विभाग की टीम ने पहुंचकर कार्रवाई कर दी।

### कॉलोनी भी अवैध, बिना अनुमति के हो रहा निर्माण

इछावर में निर्माणाधीन तुलसी आंगन कॉलोनी भी अवैध है। इस कॉलोनी का निर्माण बिना अनुमति के हो रहा है। कॉलोनाईजर यश शर्मा द्वारा शहरी क्षेत्र की जमीन पर बनाई जा रही कॉलोनी के लिए ग्राम पंचायत पालखेड़ी से फर्जी अनुमति ले ली गई। इसके बाद निर्माण भी शुरू कर दिया गया। कॉलोनाईजर यश शर्मा ने इसके लिए टीएनसीपी, रेरा सहित अन्य अनुमतियां भी नहीं ली थीं। कलेक्टर द्वारा भी कॉलोनी के निर्माण पर रोक लगाई गई है, लेकिन इसके बाद भी यहां पर निर्माण किया जा रहा है। इस अवैध कॉलोनी में कई लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई का पैसा प्रापर्टी खरीदने में लगा दिया है।

#### पंचनामा बनाया है

प्राइवेट स्कूलों की मान्यता में फर्जीवाड़ा, मौके पर बगैर सत्यापन कर दफ्तर में बैठ दे दी मान्यताइछावर में निर्माणाधीन तुलसी आंगन कॉलोनी में जल रही बिजली की जांच में यह कनेक्शन अवैध पाया गया था। घरेलू कनेक्शन से कामर्शियल बिजली जलाई जा रही थी। कॉलोनी का कनेक्शन काटकर पंचनामा तैयार किया गया है। अब आगे की कार्रवाई की जाएगी।-

**संतलाल उईके,** जेई, एमपीईबी, इछावर

### बगैर छत के दो-तीन कमरों में संचालित हो रहे निजी स्कूल

## प्राइवेट स्कूलों की मान्यता में फर्जीवाड़ा, मौके पर बगैर सत्यापन कर दफ्तर में बैठ दे दी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा निजी स्कूल संस्थान को चलाने के लिए नियम बनाए हैं, लेकिन जिले में जिला शिक्षा विभाग की मिली भगत से अधिकांश प्राइवेट स्कूलों को राजपत्र के नियमों को दरकिनार करते हुए फर्जी तरीके से मान्यता प्रदान कर दी गई है। जबकि कई निजी स्कूल दो से तीन कमरों में संचालित हो रहे हैं। छत के स्थान पर टीनशेड की चादर चढ़ी है। हवा आंधी में चादर न उड़े इसलिए बड़े-बड़े पत्थर रखे हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कुछ समय पूर्व कुछ दलाल सक्रिय रहे हैं जो 20 हजार से लेकर 50 हजार तक लेकर फर्जी मान्यता दिलाते रहे हैं। जिले के कई




निजी स्कूलों में विद्यार्थियों के बैठने के लिए टाट पट्टी तक नहीं है। कच्चा मकान या फिर चद्दर चढ़े भवनों में स्कूल का संचालन हो रहा है। चद्दरों पर बड़े-बड़े पत्थर रखे है, ताकि चद्दर न उड़ें। बारिश का मौसम चल रहा है, ऐसे में यदि तेज हवा आंधी में चद्दरें उड़ती है तो बड़े-बड़े पत्थर नीचे ही गिरेंगे, इससे अनहोनी का अंदाजा लगाया जा सकता है। मूलभूत सुविधा के नाम पर पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं है। बच्चों को शौचालय की तक सुविधा नहीं है, लेकिन जिला शिक्षा विभाग ने के अधिकारियों ने नियम विरुद्ध तरीके से ऐसे स्कूलों को मान्यता दे दी।

#### इनका कहना है...

कक्षा पहली से आठवीं तक बीआरसी द्वारा मान्यता दी जाती है, जबकि कक्षा 9वीं से 12वीं तक की मान्यता जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्रदाय की जाती है। निजी स्कूलों का लगातार निरीक्षण किया जाता है। व्यवस्थाओं के लिए दिशा निर्देश भी दिए जाते हैं।

**दीपा कीर,** ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सीहोर

## खबर संक्षेप



### जनसमस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**सीहोर।** नया बस स्टैंड के पास पीएनबी मेट लाईफ शाखा सीहोर में शाखा प्रबंधक आदिति ठाकुर ने लोक जनकल्याण परिषद द्वारा जारी जनहित के पर्चे का किया विमोचन इस मौके पर परिषद के संरक्षक कमलेश आर्य, परिषद के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पंकज वर्मा एवं अरविन्द्र धनकर, अतुल सेन, संदीप सर, प्रदीप सर आदि उपस्थित थे। विमोचन के बाद कमलेश आर्य एवं पंकज वर्मा ने नागरिकों को जनहित के पर्चे वितरित किये।

### काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त

**सीहोर।** शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं छात्राओं के पूर्णतः निःशुल्क है। संस्था में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रमों कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ब्रांच एवं मार्डन ऑफिस मैनेजमेंट ब्रांच में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया उपरांत शेष रही रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए कॉलेज लेवल काउंसलिंग के लिए ऑनलाईन पंजीयन 18 जून से प्रारंभ हो गये है। संस्था प्राचार्य डीआर वर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं उत्तीर्ण छात्राएँ पंजीयन के उपरांत प्रवेश का पहला अवसर 2 जुलाई 2025 को दिया जायेगा, इसके बाद रिक्त स्थान भरने तक प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार, एवं शुक्रवार को संस्था स्तर पर काउंसलिंग की जावेगी, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा काउंसलिंग की अंतिम तिथि 14 अगस्त 2025 तय की गई है। इच्छुक छात्राएँ कार्यालयीन समय में संस्था में उपस्थित होकर प्रवेश संबंधी जानकारी डॉ० स्मिता शर्मा एवं ओपी श्रीवास्तव से प्राप्त कर सकती है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे। योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के श्रमिकों को प्रतिमाह 55 से 200 रूपये प्रीमियम के रूप मे जमा करना होगी।

### डॉ.रूपसिंह दांगी नगर अध्यक्ष व शुखहाल मोटवानी बने नगर मंत्री

**सीहोर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार, 9 जुलाई 2025 को परिषद द्वारा विशाल संगोष्ठी का अयोजन किया गया। इसके उपरांत नवीन कार्यकारिणी सत्र 2025-26 का गठन किया गया। जिसमें नगर अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.रूप सिंह दांगी, नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी को बनाये जाने के साथ ही सहित नवीन कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए अन्य दायित्व भी दिये गये।

## दंडवत करते हुए जबलपुर से आए युवक का भोले की समिति ने किया स्वागत

# कुबेरेश्वरधाम पर ढाई क्विंटल मावे की बर्फी का भोग लगाया

दंडवत कांवड़ यात्रा, भक्तों को एक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करती है, जिससे उन्हें अपने भीतर की शक्ति का अहसास होता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सावन मास वह समय जब श्रद्धा की धारा और शिवभक्ति की शक्ति मिलकर एक पवित्र यात्रा का रूप ले लेती है। यह केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि आत्मा से शिव तक पहुंचने की एक जीवंत साधना है। इसका एक उदाहरण शहर के रेलवे स्टेशन, सीवन नदी के तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक दिखाई दे रहा है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की पे्ररणा और भगवान शिव की भक्ति से लबरेज शिव भक्त पूरे आनंद के साथ नंगे पैर आस्था और उत्साह के साथ कठिन डगर पर चल रहे है। कई कांवड वाले तो दंडवत करते हुए जा रहे है तो कोई कंधे पर कांवड लेकर चल रहे है। बुधवार को भी हजारों की संख्या में पहुंचे शिव भक्तों का विठलेश सेवा समिति की ओर से व्यवस्थापक पंडित समीर शुक्ला, पंडित विनय मिश्रा आदि ने स्वागत-सम्मान किया। इस मौके पर सुबह बाबा की आरती के पश्चात करीब ढाई क्विंटल से अधिक मावे की बर्फी का भोग लगाकर भोजन के साथ प्रसादी प्रदान की गई।

इधर शहर के सीवन नदी और रेलवे स्टेशन से कुबेरेश्वरधाम पर जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को रेलवे स्टेशन से दंडवत करते हुए आ रहे जबलपुर निवासी भोले का श्री राधेश्याम विहार कालोनी में फलहारी प्रसादी देकर फूल मालाओं से सम्मान किया। इस मौके पर समिति की और से मौजूद जितेन्द्र तिवारी ने युवक भोले से चर्चा की तो युवक ने बताया कि वह जबलपुर से कुबेरेश्वरधाम की ओर आया है और उसने रेलवे स्टेशन पर अपने संकल्प के साथ दंडवत शुरू की है। उसने बताया कि वह 18 किलोमीटर तक बाबा का जप करते हुए अपनी यात्रा पूर्ण करेंगे। यात्रा के दौरान वह घायल भी हो गए है।

### भक्ति की अद्वितीय अभिव्यक्ति

समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि गुरुदेव की प्रेरणा से इस कलियुग में शिवयुग की वापसी हुई है। सावन में भागवन शिव की भक्ति हमें सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करती है। कांवड़ यात्रा उसी भक्ति की अद्वितीय अभिव्यक्ति है, जिसमें लाखों श्रद्धालु जल लेकर सैकड़ों किलोमीटर की पदयात्रा करते हैं,सिर्फ एक उद्देश्य के लिए भोलेनाथ को समर्पण। दंडवत कांवड़ यात्रा, भक्तों को एक गहन आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करती है, जिससे उन्हें अपने भीतर की शक्ति का अहसास होता है। कांवड़ यात्रा के दौरान, कुछ भक्त दंडवत (साष्टांग प्रणाम) करते हुए भी कांवड़ लेकर चलते हैं। यह भक्ति और समर्पण का एक अत्यंत कठिन रूप है, जिसमें भक्त जमीन पर लेटकर, अपने पूरे शरीर को भूमि पर स्पर्श कराते हुए, कांवड़ के साथ आगे बढ़ते हैं।

## मांगें नहीं माने जाने से दुखी सहकारी कर्मचारियों ने दी आंदोलन की चेतावनी




**सीहोर।** मप्र सहकारिता समिति कर्मचारी संघ ने कलेक्टर डॉ. बालागुरू के. को सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा है। सहकारी कर्मचारियों ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर यह ज्ञापन दिया है। सहकारिता कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी जाती है तो वह मुख्यमंत्री निवास/विंध्याचल भवन का घेराव करने के लिए साथ ही आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मध्यप्रदेश सहकारिता संघ के जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी ने बताया कि सहकारिता कर्मचारी लंबे समय से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पहले भी मुख्यमंत्री व सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खाद्य मंत्री गोविंद राजपूत को ज्ञापन के माध्यम से अपनी समस्याओं से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अब तक समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका है।

**यह है मांगे:** सहकारिता कर्मचारियों ने मांग की है कि संस्थाओं में समिति प्रबंधक के पद पर 60 प्रतिशत संस्था कर्मचारियों का जिला बैंकों में चयन आज तक नहीं हुआ, बी पैक्स संस्थाओं को अक्टूबर 2023 से प्रति विक्रेता प्रतिमाह 3000 का अतिरिक्त राशि प्राप्त नहीं हुई, जो 31 मार्च तक 54000 बनती है, संस्था कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया गया, जिसे शीघ्र दिलवाया जाए, बढ़ा हुआ वेतन जिन जिलों के कर्मचारियों को नहीं मिला, उन्हें तत्काल भुगतान कराया जाना शामिल हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी, उपाध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, दीपक राजपूत, सुरेश गौर, कृपाराम मालवीय, जितेंद्र ठाकुर, जिला प्रवक्त सचिन शर्मा, डॉ. जगदीश तोमर सहित प्रहलाद चौधरी, प्रेम नारायण साहू, सुरेश सोनी, बनपसिंह वर्मा, जिला सचिव राकेश सिंह, अमृत दास बैरागी, गजराज सिंह, इंदर सिंह चौहान, नरेन्द्र शर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, कपिल, बाबूलाल, जयंत गौर सहित सभी सदस्य शामिल रहे।

## दीवड़िया हासे स्कूल में नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन





### बच्चों को नशे से दूर रहने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

तहसील क्षेत्र के दीवड़िया हायर सेकेण्डरी स्कूल में बुधवार को नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छाए - छात्राओं को मादक पदार्थों से होने वाले सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक नुकसान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए इनसे दूर रहने की नसीहत दी गई साथ ही इससे बचाव को लेकर भी जागरूक किया गया।

शासकीय हायर सेकेण्डरी विद्यालय दीवड़िया में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जनपद अध्यक्ष टीकाराम पटेल मुख्य अतिथि , जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि शंकर जयसवाल विशेष अतिथि एवं थाना प्रभारी पंकज वाडेकर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान स्कूल प्राचार्य गणेश शर्मा ने अतिथियों को पुष्प माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी श्री वाडेकर ने विद्यालयीन बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में नशा मनुष्य के नाश का कारण बन चुका है।

ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि स्वयं भी नशे से दूर होकर अन्य लोगों को भी नशा से दूर रहने के लिए जागरूक करें। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे के कारण होने वाले दुर्घटना से सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि शारीरिक व मानसिक रूप से भी क्षति होती है। नशा समाज के लिए भी हानिकारक व नुकसानदायी है। जो भी नशे की समस्या से जूझ रहे है उन्हें सकारात्मक विचार अपनाने, योगाभ्यास, व्यायाम करने, विशेषज्ञ से सलाह लेने, खुद में व्यवहार परिवर्तन कर अच्छी आदतें को अपनाने की जरूरत है। खासकर युवाओं से अपील करते हुए कहा कि ऐसे जो नशे की समस्या से जूझ रहे है। उन्हें नशा मुक्ति केंद्र के बारे बताएं इससे जिले में नशे की समस्या से जूझ रहे लोगों को बेहतर सहायता मिल पाएगी। विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने विद्यालय के आस-पास मोहल्ले में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम चलाते हुए ग्रामीणों को नशा से विमुक्त होने रैली निकाली गई। इसके साथ ही विद्यालय के 100 मीटर के दायरे में नशे की सामग्री न बेचे जाने की भी अपील की । बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं को नशा से विमुक्त करने हेतु सक्रियता से भाग लेने की शपथ दिलाई गई।

## प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक



**सीहोर।** प्रांतीय उपभोक्ता संरक्षण समिति की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक गुजरात के अहमदाबाद नगर में भव्य रूप से संपन्न हुई। इस बैठक में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अहमदाबाद महापौर, गुजरात सहित देश के विभिन्न राज्यों से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस मौके पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेश पटेल ने बैठक में आए सभी को संबोधित किया। इस विशेष बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती, कार्यप्रणाली में सुधार तथा देशभर में संगठन के प्रभावी विस्तार को लेकर रणनीतिक विमर्श करना था। बैठक के दौरान संगठन के विभिन्न प्रदेशों में कार्यरत इकाइयों की गतिविधियों की समीक्षा की गई और उन्हें और अधिक सक्रिय व प्रभावशाली बनाने के उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगठन की उपलब्धियों, चुनौतियों तथा आगामी योजनाओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है और इसके लिए संगठन को देश के हर कोने तक पहुंचाना आवश्यक है। इस बैठक में गुजरात प्रदेश के संगठनात्मक ढांचे पर विशेष चर्चा हुई, और सर्वसम्मति से नए गुजरात प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा भी की गई। साथ ही महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गोवा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार, पंजाब, और अन्य राज्यों में भी संगठन के विस्तार हेतु प्रादेशिक कार्यकारिणी के गठन पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में यह तय किया गया कि अगले छह महीनों के भीतर प्रत्येक राज्य में जिला स्तर पर समितियों का गठन किया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और उन्हें ठोस समय-सीमा के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। हमारा उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार नहीं, बल्कि उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा और जन-जागरूकता को जनांदोलन के रूप में खड़ा करना है। आने वाले दिनों में हम शिक्षण संस्थानों, पंचायतों, शहरी निकायों और औद्योगिक क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता अभियान चलाएंगे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं और अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। एकजुटता, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को लेकर सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि वे उपभोक्ता अधिकारों के लिए एक सशक्त एवं जवाबदेह मंच के रूप में समिति को आगे बढ़ाएंगे। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि आगामी दिनों में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पटेल के द्वारा भविष्य की रणनीति में शामिल प्रमुख बिंदु-राज्य व जिला स्तर पर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करना, उपभोक्ता अधिकारों के प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता अभियान, डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपस्थिति को सशक्त करना, पीड़ति उपभोक्ताओं की शिकायतों के समाधान हेतु राज्य स्तरीय हेल्पलाइन, स्कूलों व कॉलेजों में उपभोक्ता शिक्षा कार्यक्रम शुरू करना, यह बैठक संगठन के विकास की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई, जिसमें स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया गया कि उपभोक्ता संरक्षण केवल एक नारा नहीं बल्कि एक जन-आंदोलन है, जिसे अब राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रभावशाली ढंग से खड़ा किया जाएगा।

### जिले में अब तक 433.5 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में बीते 24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 4.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 5, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 5, जावर में 17, इछावर में 2, भैरूंदा में 4, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 16 जुलाई को सुबह 8 बजे तक 433.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 277.4 मिलीमीटर थी। जिले की वर्षा ॠतु में सामान्य औसत वर्षा 1148.4 मिलीमीटर है।

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 16 जुलाई 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 409.9, मिलीमीटर, श्यामपुर में 363, आष्टा में 287, जावर में 298, इछावर में 381.3, भैरूंदा में 485, बुधनी में 625.7 तथा रेहटी में 622 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल में लगाया गया नशे के विरुद्ध जागरूकता सेमिनार



**भैरुंदा।** भारती विद्या मंदिर इंटरनेशनल स्कूल में मध्य प्रदेश पुलिस नगर भेरुंदा (थाना प्रभारी घनश्याम दांगी एवं (एस. आई.) पूजा सिंह रापुत जी द्वारा संस्था के सी ई ओ अरुण कुमार पाण्डे की उपस्तिथि में ,छात्र छात्राओं के लिए नशे की लत और दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी दी गई और बच्चों को विडियो एवं बातचीत के माध्यम से जागरूक किया गया श्री दांगी एवं राजपूत मेम ने बच्चों को बताया कैसे आजकल हम छोटी छोटी बातो पर डिप्रेश होकर अथवा किसी के बहकावे में आकर नशे के गलत रास्ते पर जा सकते हैं।अतः हर बच्चे को हमेशा खुद पर सय्यम रखना और खुद पर विश्वास रखना चाहिए और दूसरों को भी यही समझना चाहिए नशा किसी भी सूरत में आपको मदत नही करेगा बल्कि अपना आदि बनाकर जीवन खराब कर सकता। भारती विद्या मंदिर अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं अच्छे नागरिक बनाने के लिए इसे प्रयास हमेशा करता रहता है।

## नशामुक्ति जनजागरुकता अभियान के तहत बच्चों को लघु फिल्म दिखा कर किया जागरूक




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा दिनांक 15.7.2025 से दिनांक 30.7.2025 तक आयोजित 15 दिवसीय नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक डॉ.अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन मे कोतवाली थाना स्टॉफ द्वारा सत्य साईं विश्वविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान नशे से दूरी है जरूरीर कार्यक्रम के दौरान सभी कॉलेज के छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा एक सामाजिक बुराई के संबंध में जानकारी व व्यापक जन संवाद किया गया एवं नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर 14446 का प्रचार प्रसार किया गया। सभी छात्रों, शिक्षकगणों, को नशा न करने से प्रोत्साहित करने हेतु शपथ दिलवाई गई, पमप्लेट व पोस्टर का वितरण किया गया, नशा मुक्ति हेतु लघु वीडियो, क्लिप, रील दिखाकर जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में थाना प्रभारी कोतवाली रवीन्द्र यादव, सूबेदार प्राची राजपूत सहित थाना स्टॉफ, सत्य साई यूनिवर्सिटी से डॉ. गार्गी सिंह, डॉ.सुजन थॉमस, डॉ. अनीश , योगेन्द्र त्यागी व 120 छात्र-छात्राए उपस्थित रहें।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील आष्टा जिला सीहोर**

**प्रकरण क्रमांक 1029/अ-6/2025-26**

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण ग्रामवासीगण ग्राम कस्बा आष्टा, तहसील आष्टा की ओर सूचना प्रकाशित की जाती है कि आवेदक राजेन्द्र गुप्ता आ० बाबूलाल, जाति महाजन निवासी सुभाष नगर आष्टा, जिला सीहोर द्वारा संहिता की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम कस्बा आष्टा, तहसील जाम्य, जिला सीहोर, न०प्र० स्थित भूमि खसरा नम्बर 854/3/2ख (वर्तमान में ख.के. 854/3/2/6 रकबा 0.271 हे0) भूभि में से 0.006 हे0 अनावेदक / विक्रेता धीरेन्द्रसिंह भदौरिया अ. सुरन्दसिंह भदौरिया जाति ठाकुर, निवासी भट्ट मोहल्ला शाजापुर, जिला शाजापुर से रजिस्टर्ड विक्रयपत्र क्र. A1/3361 दिनांक 27/03/2012 अनुसार कय की जाकर रजिस्टर्ड विक्रयपत्र अनुसार संहिता की धारा 109, 110 के अंतर्गत नामांतरण किये जाने का निवेदन किया गया है।उपरोक्त संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति / ग्रामवासी या संस्था आदि को उक्त भूमि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह लिखित आवेदन / आपत्ती स्वयं, मान्यता प्राप्त अभिकर्ता एवं वकील के माध्यम से दिनांक 25/07/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद उपरांत आवेदन/आपत्ति प्रस्तुत करने पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा प्रकरण में आगामी कार्यवाही की जायेगी। आज दिनांक 11/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार आष्टा**
**जिला सीहोर**

## शालाओं में हो शत-प्रतिशत छात्र नामांकनः जिला पंचायत सीईओ

# जिला पंचायत सीईओ ने की शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने जिले की शैक्षणिक गतिविधियों की बिंदुवार समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी बीआरसीसी, बीएसी एवं जन शिक्षकों से शालाओं में शत-प्रतिशत छात्र नामांकन, मध्यान्ह भोजन, पुस्तक वितरण, गणवेश वितरण, साइकिल वितरण, स्कूलों में साफ-सफाई, मरम्मत एवं अध्यापन कार्य के संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने प्रोफाइल अपडेशन, यू डाइस पोर्टल एन्ट्री, उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत असाक्षरो का शत-प्रतिशत सर्वे करने एवं अक्षर साथी पंजीयन तथा मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि विकासखण्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएसी जन शिक्षकों को सम्मानित किये जाए और कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं कार्य पूरा नही करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके, सहित सहायक परियोजना समन्वयक, सभी विकास खंडों के बीआरसीसी, बीएसी एवं जन शिक्षक उपस्थित थे।

## सारंगपुर में विकास कार्यों को लेकर मंत्री टेटवाल ने ली समीक्षा बैठक

# विकास कार्यों में लेट लतीफी नहीं होगी बर्दाश्त : मंत्री गौतम टेटवाल

### *एक्शन मोड में मंत्री, विकास कार्य पूरे करने को लेकर अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री जमीनी स्तर पर काम करते हुए नजर आ रहे हैं। इसी बीच कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री डॉ गौतम टेटवाल अपनी विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं और लगातार हर छोटे बड़े कामों की समीक्षा बैठक भी कर रहे हैं।

इसी बीच मंत्री टेटवाल ने विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों को लेकर तहसील कार्यालय में समीक्षा बैठक की। जिसमें एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, नगर पालिका सीएमओ ज्योति सुनेरे, सीएमओ दीपक रानवे, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चैहान सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मंत्री टेटवाल ने विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारीयों और ठेकेदारों को सभी विकास कार्य समय अवधी में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। इस दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि मौजूदा सरकार में लगातार विकास की गंगा बह रही है। इसमें सभी को ईमानदारी के साथ तेजी से काम करना होगा। सरकार जनता के हितों के लिए सजक और संकल्पित है। सभी कार्य समय अवधि में पूरे हो इसे लेकर अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग करें। यदि कोई भी अपना कार्य ईमानदारी से नहीं करता हुआ पाया जाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई करें। विकास कार्यों में लेट लतीफी बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### जनता को दीर्घकालिक लाभ दिलाना राज्य सरकार का उद्देश्य : मंत्री टेटवाल

मंत्री टेटवाल ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक जनहित को सुनिश्चित करना है। इसलिए सभी अधिकारी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूर्ण करें।

### मंत्री ने स्वच्छता पर दिया जोर, अभियान चलाकर शहर को बनाएंगे स्वच्छ

समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि सभी को स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है। क्षेत्र में 15 जुलाई से 15 अगस्त तक सफाई अभियान चलाकर सभी स्थानों को स्वच्छ किया जाए। सभी शासकीय कर्मचारी, अधिकारी, निगम के कार्यकर्ता, हर जगह जाकर सफाई अभियान में सहयोग कर गली मोहल्ला को स्वच्छ रखने में योगदान दें। साथ ही निगम अधिकारियों से कहा कि बरसात में कहीं भी जल भराव की समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान दें। छोटी बड़ी नालियां और नाले की सफाई लगातार होती रहे। विद्यालय ओर अस्पताल परिसर के आसपास सफाई का ध्यान रखें। कोई भी गंदगी फैलाता हुआ नजर आए तो उसे पर तत्काल प्रभाव से चालानी कार्रवाई करें।

### सारंगपुर नगर पालिका व पचोर नगर परिषद में लगेंगे सीसीटीवी

बैठक के दौरान मंत्री टेटवाल ने कहा कि शहर में अधिकतर जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। जिसके द्वारा लगातार मॉनिटरिंग की जाएगी। एक महीने में पूरे शहर को स्वच्छ बनाएंगे। और जो भी खुले में गंदगी फैलाता हुआ नजर आएगा उसे पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार लगातार विकास कार्यों को लेकर सजक है। जनता को हर प्रकार के सुख सुविधा मिले इसे लेकर सरकार लगातार काम कर रही है।

# कलेक्टर के सम्मुख पोर्टल पर लॉगिन नहीं कर पाए अधिकारी

### कुछ को थमाए नोटिस तो कुछ की वेतनवृद्धियां रोकीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र शासन द्वारा करीब चाह माह पूर्व सभी जिलों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की है जिसके तहत समस्त कार्यालयीन नस्तियां (फाईलें) एवं पत्राचार ऑनलाइन संचालित किया जाना है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के लगातार निर्देशों के बावजूद जिले के कई अधिकारी ई-ऑफिस व्यवस्था में दक्ष होने में रूचि नहीं ले रहे हैं जिसके कारण संबंधित ई-नस्तियां प्रचलन में नहीं आ पा रही हैं।

सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर ने स्वयं ऐसे अधिकारियों की कम्यूटर पर ई-ऑफिस संचालन संबंधी परीक्षा ले ली। परीक्षा के दौरान आरईएस के कार्यपालन यंत्री, सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं एवं पीएचई के कार्यपालन यंत्री कम्प्यूटर पर ई-आफिस पोर्टल को लॉग-इन तक नहीं कर पाए। कलेक्टर ने इन अधिकारियों को नोटिस थमाते हुए एक हफ्ते में ई-ऑफिस प्रणाली का संचालन सीखने की हिदायत दी। इसके साथ ही 1 माह में दस से कम नस्तियां ई-ऑफिस के माध्यम से प्रस्तुत न करने पर वाणिज्यककर अधिकारी एवं खेल व युवा कल्याण विभाग अधिकारी को भी नोटिस देने के निर्देश दिए गए।

### इन कर्मचारियों की 1-1 वेतनवृद्धि रोकी

विभिन्न विभागों में 25 दिवस से अधिक समय से पोर्टल पर लॉगइन नहीं करने वाले अधीनस्थ कर्मचारियों को 1-1 वेतन वृद्धि रोकने का नोटिस देने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिए गए। इन कर्मचारियों में शिक्षा विभाग के लेखापाल लक्ष्मीनारायण नामदेव, वाणिज्य कर विभाग से पवन टिकेकर, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के फूलकुमार दुबे, जल संसाधन विभाग के सहायक प्रबंधक निर्मल पाटीदार, स्वास्थ्य विभाग के लिपिक कमलेश पुष्पद एवं प्रभात देवगोड़ा, डीसीएम सुनील वर्मा, कृषि विभाग के सहायक ग्रेड-3 नितिन वर्मा एवं बद्रीलाल भिलाला शामिल हैं।

## निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिक का मामला

# पूर्व सीएमओ व इंजीनियर ने बगैर निर्माण कर दिया अग्रिम भुगतान

**राजगढ़।** कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा ने जिले के नरसिंहगढ़ में निर्माणाधीन संजीवनी क्लीनिक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि संजीवनी क्लीनिक में ठेकेदार द्वारा बेहद लापरवाही पूर्वक काम किया गया है। अभी तक कार्य पूर्ण हों जाना चाहिए था, पर नहीं हो पाया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन ने जानकारी दी की इस संजीवनी क्लिनिक से संबंधित फाइलें भी पूर्व सीएमओ एवं सब इंजीनियर अपने साथ ही ले गए। इसके साथ ही बिना कार्य के निर्माण एजेंसी को अग्रिम भुगतान भी कर दिया गया है। जबकि आज दिनांक तक पेवर्स ब्लॉक एवं बाउंड्रीवाल का काम नहीं हुआ है। कलेक्टर ने उक्त समस्त अपूर्ण कार्य 15 दिवस में पूरे करते हुए बिल्डिंग हैंड ओवर करने के निर्देश दिए हैं। अन्यथा की स्थिति में सीएमओ, सब-इंजीनियर तथा ठेकेदार के विरुद्ध एफआईआर करवाई जाएगी।



**एसडीएम कार्यालय का भी किया निरीक्षण:** भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण किया एवं समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए। उत्कृष्ट विद्यालय में निर्माणाधीन स्टेडियम का कार्य भी तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निर्माण एजेंसी से कहा गया कि 15-15 दिन की कार्ययोजना तैयार कर समय सीमा में कार्य पूर्ण किया जाए।

## कलेक्टर को पत्र सौंपकर उक्त प्रणाली को खत्म करने रखी मांग

# मैकेनाईज्ड किचन प्रणाली के विरोध में उतरी महिलाएं

**राजगढ़।** मप्र शासन द्वारा जिले सहित प्रदेश के नगरीय निकायों की आंगनवाड़ियों एवं स्कूलों में प्रदाय किए जाने वाले मध्यान्ह भोजन एवं पोषण आहार हेतु मैकेनाईज्ड केंद्रीयकृत किचन प्रणाली स्थापित करने की योजना शुरू की है। सांझा चूल्हा के तहत मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य करने वाली विभिन्न स्व-सहायता समूहों की महिलाएं इस प्रणाली के विरोध में उतरी हैं।

इस संबंध में स्व-सहायता समूह संघ के बैनर तले कई रसोईयां महिलाएं मंगलवार को कलेक्टेट पहुंची और पत्र सौंपकर कुछ बिन्दुओं के आधार पर उक्त किचन प्रणाली का विरोध किया। महिलाओं ने तर्क रखा है कि केंद्रीयकृत रसोई व्यवस्था से महिलाओं का रोजगार छीनने का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही स्थानीय बहनों द्वारा ताजे, स्वदेशी खाद्यान से बनाया गया भोजन बच्चों को दिया जाता है जबकि मशीन से बने भोजन में तय पोष्टिकता नहीं रहेगी। महिलाओं ने बताया कि यह योजना सरकार के आत्मनिर्भर भारत की भावना के विरुद्ध होकर महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता और स्वावलंबन को कम करेगी। इसके साथ ही केंद्रीयकृत व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी, ठेकेदारी प्रथा और बिचैलियों के हस्तक्षेप की संभावनाएं भी बढ़ेगी।




### *पत्र में यह मांगें भी रखीं*

*कलेक्टर को सौंपे गए पत्र में रसोईया महिलाओं ने समूह के अध्यक्ष, सचिव एवं रसोईया महिलाओं के लिए 20 लाख रुपए तक का सुरक्षा बीमा, अकारण निरस्त किए जाने वाले अनुबंधों पर पाबंदीएवं ठेका प्रथा को पूरी तरह समाप्त करने की मांग भी रखी है।*

# लोक सेवा केंद्रों से क्यों नहीं मिल रही पंजी व अन्य सेवाएं

### जानबूझकर तहसील बाबू और पटवारी मिलकर सुलभ की जगह दुर्लभ बना रहे जनहितैषी सेवाओं को

**ब्यावरा।** नागरिकों और किसानों की परेशानियों और सरकारी कर्मचारियों के रवैए को ध्यान में रखते हुए लोक सेवा केंद्र स्थापित किए गए थे। जिससे क्षेत्र के लोगों को एक ही जगह उनकी विभिन्न समास्याओं का समाधान हो जाए। आम लोगों और किसानों के लिए सरकार द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं कि किस तरह तकनीकी से लोगों की परेशानियां दूर की जा सकें। परंतु सरकार के तमाम प्रयासों को स्थानीय स्तर पर बाबू और पटवारी अपने निजी स्वार्थ के चलते या तो डाटा अपलोड नहीं करते जिससे लोक सेवा केंद्र पर आने वाले परेशानियों का सामना करें और अंततः उन्हें तहसील के बाबू और पटवारियों की शरण में ही जाना पड़े। सोमवार को भी तहसील ब्यावरा में नाजिर को एक पंजी के बदले 300 रुपए लेने का मामला सामने आया। इससे समझा जा सकता है कि तहसील कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी और पटवारी मिलकर इस तरह का षडयंत्र रचते हैं कि लोक सेवा केंद्र पर सेवाएं प्रभावित हो और उनकी दुकानदारी चलती रहे।

# अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत मंत्री टेटवाल ने पौधरोपण किया

**सारंगपुर।** अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत मंगलवार को पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत तहसील परिसर तथा वार्ड क्रमांक 17 स्थित मुक्तिधाम परिसर में भव्य पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।



इस दौरान डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा, वृक्ष हमारे जीवन के आधार हैं। यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं, अपितु हमें इनके संरक्षण और संवर्धन की भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी को पौधों की देखभाल हेतु प्रेरित किया गया और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, एसडीएम रोहित बम्होरे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार आकाश शर्मा, सीएमओ ज्योति सुनेरे, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नीलेश वर्मा, पार्षद सुनील राधेश्याम बागवान, कुलदीप राठौर, भानु लववंशी सहित नगर पालिका अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ-साथ वार्ड के जागरूक नागरिक बंधुओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। सभी ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली बढ़ाने के संकल्प के साथ पौधारोपण किया।

# राशन के लिए परेशान हो रहे हितग्राही

### दुकान संचालक बोले - 20-25 हितग्राहियों को नहीं मिला है राशन आवंटन कम आने के कारण हुई परेशानी, जेएसओ को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




एक तरफ 3 महीने का राशन एक साथ बांटने को लेकर पहले ही कलेक्टर का आदेश जारी हो चुका था जिसमें समय पर राशन दुकानों पर आवंटन पहुंचाना और हितग्राहियों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित करने की बात कही गई थी। परंतु ब्यावरा शहर के बीचों बीच संचालित दुकान पर ही 15 जुलाई तक ही जून का आवंटन नहीं पहुंच पाया है। जहां कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी अपनी जिम्मेदारी से कन्नी काट रहे हैं वहीं राशन दुकान के प्रबंधक रघुवीर से बात करने पर पता चला की आवंटन में कमी होने के कारण 20 से 25 हितग्राहियों को अभी तक जून में 3 महीने का मिलने वाला राशन नहीं दिया गया है।

# खोयरी मंदिर परिसर में पड़े मिले 20 हजार रुपए मालिक को लौटाए

### ढिंगलियाखेड़ी के युवकों ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



**राजगढ़।** सिर्फ कुछ रुपयों के लिए जहां इन दिनों लोग बड़े से बड़ा अपराध कर बैठते हैं। वहीं अनेकों ऐसे लोग भी हैं जिनकी ईमानदारी और साफनीयत समाज के लिए एक मिसाल बन जाया करती है। ऐसी ही एक ईमानदारी की मिसाल ढिंगलियाखेड़ी गांव निवासी भैरूसिंह दांगी और विजयसिंह ने पेश की है। इन दोनों युवकों ने खोयरी महादेव मंदिर परिसर में पड़े मिले 20 हजार रुपए सहित अन्य कागजातों को उनके असली मालिक को लौटा दिया।

### क्या है पूरा मामला

समीपस्थ ग्राम पाका निवासी रामबाबू गौड़ सोमवार शाम अपने परिजनों के साथ खोयरी महादेव के दर्शन, पूजन करने के लिए गए हुए थे। इस दौरान उनके पास एक पॉलीथीन थी जिसमें 20 हजार रुपए नकद सहित कुछ दस्तावेज रखे हुए थे। रामबाबू की लापरवाही से उक्त पॉलीथीन मंदिर परिसर में ही कहीं गिर गई जो ढूंढने पर भी नहीं मिल पाई। बाद में रुपए और दस्तावेजों से भरी यह पॉलीथीन मंदिर में दर्शन करने पहुंचे ढिंगलिया गांव निवासी भैरूसिंह दांगी और विजय सिंह दांगी को मिल गई। ईश्वर के दरबार में पड़ी मिली इस राशि को दोनों युवक चाहते तो अपने पास रख सकते थे और किसी को मालूम भी नहीं हो पाता लेकिन उन्होंने दस्तावेजों में दर्ज मोबाइल नंबर पर रामबाबू गौड़ से संपर्क किया। बाद में रामबाबू गौड़ ढिंगलियाखेड़ी गांव पहुंचे और भैरूसिंह व विजयसिंह ने उन्हें उनकी अमानत पूरे 20 हजार रुपए और सभी दस्तावेज लौटा दिए।

# सीएमओ ने छात्रावास और स्कूलों की व्यवस्थाएं जांचीं, सफाई के दिए निर्देश

### निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति व स्कूल स्टाफ की हाजिरी भी की चेक



**पचोर।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे ने नगर के शासकीय स्कूलों और छात्रावासों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीनियर बालिका छात्रावास, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, स्कूल स्टाफ की हाजिरी और अन्य व्यवस्थाएं देखीं। सीएमओ ने छात्रावास और स्कूलों में पेयजल टंकियों की स्थिति जांची। शुद्ध जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टंकियों की नियमित सफाई और जल की गुणवत्ता बनाए रखने को कहा। छात्रावास में उन्होंने व्यवस्थाओं और संसाधनों की जानकारी ली। बालिकाओं से भोजन, पढ़ाई और विश्राम के बारे में बातचीत की। इस दौरान लेखपाल दुर्गेश शर्मा सहित दिलीप पाल अन्य भी साथ रहे।

## नगरीय विकास मंत्री के नाम तहसीलदार को सौंपा मांग पत्र

# जर्जर सड़क को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे वार्ड 14 के बाशिंदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के वार्ड 14 का पहुंच मार्ग बीते करीब 20-22 सालों से जर्जर एवं ऊबड़-खाबड़ स्थिति में पड़ा हुआ है। इस सड़क के निर्माण के लिए न पुरानी परिषदों ने कभी ध्यान दिया और न ही वर्तमान परिषद के जिम्मेदार नागरिकों की समस्या को समझ पा रहे हैं।

ऐसे में वार्ड पार्षद मोहित तंवर के नेतृत्व में इस वार्ड के अनेकों महिला, पुरुष मंगलवार को कलेक्टेट पहुंचे और नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम तहसीलदार को अपना मांगपत्र सौंपा। मांगपत्र में उल्लेख है कि वार्ड-14 में पीपलबे सोसायटी से लेकर बाराद्धारी मस्जिद तथा परेड ग्राउण्ड के पीछे के छात्रावास के यहां से भगवान राव के घर से होते हुए बाराद्धारी मस्जिद तक की सड़क के कारण सैकड़ों रहवासी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। बारिश के मौसम में तो हालत यह है कि इस सड़क से निकला भी नहीं जा सकता। बकौल पार्षद मोहित तंवर के अनुसार उन्होंने अपने 3 वर्षों के कार्यकाल में नगर पालिका को कई बार मौखिक एवं लिखित में आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया लेकिन हर बार बजट न होने का हवाला दे दिया गया।



### कीचड़ से सन जाते हैं लोग

मांगपत्र में उल्लेख है कि इस बारिश के मौसम में तो बदहाल सड़क ने और भी ज्यादा परेशान किया हुआ है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सहित अन्य आम नागरिकों कीचड़ से परेशान हैं। इसके साथ ही सड़क पर अनेकों स्थानों पर हुए बड़े-बड़े गड्ढों में जलभराव होने से समस्या और ज्यादा विकट हो चुकी है। पार्षद तंवर सहित वार्ड के रहवासियों ने मामले में हस्तक्षेप कर उक्त सड़क निर्माण करवाने की मांग रखी है।

# खुजनेर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की श्रीराम बस्ती की बैठक संपन्न



**खुजनेर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला राजगढ़ के सानिध्य में खुजनेर नगर की श्रीराम बस्ती की बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला संगठन मंत्री मुकेश माहेश्वरी उपस्थित रहे द्य बैठक में संगठन मंत्री ने विहिप के कार्यकर्ताओं को संबोधित कर कहां की हमारे तीन आयाम सेवा, सुरक्षा और संस्कार के कार्य को लगातार विश्व हिंदू परिषद आगे रखकर कार्य करते हैं। विहिप के कार्यकर्ताओं को सनातन धर्म गौ रक्षा पर अधिक से अधिक जोर देना चाहिए जिससे हमारी संस्कृति की रक्षा हो सके। बैठक में खुजनेर नगर के खंड श्रीराम बस्ती की कार्य समिति गठित की गई। जिसमें खंड अध्यक्ष रोशन पुष्पद खंड मंत्री शरद लोहिया खंड संयोजक गोविंद पुष्पद आदि की घोषणा की गई और आगामी कार्यक्रम की योजना बनाई गई। बैठक में उपस्थित जिला संगठन मंत्री मुकेश महेश्वरी विहिप जिला उपाध्यक्ष नारायण सिंह कुंभकार नगर अध्यक्ष दीपक यादव और आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### सकल हिंदू समाज ने किया सम्मान



**आष्टा।** नगर में श्रावण मास के उपलक्ष में आयोजित श्री शिव कथा पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन व महाभिषेक 11 से 15 जुलाई को पंडित अशोक शर्मा ने शिव कथा का पांच दिवस तक रस पान भक्तजनों को कराया। पार्थ शिवलिंग निर्माण में पुरुष वर्ग व मातृशक्तिओ ने शिवलिंग बनाने में भक्ति भाव के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिदिन शिवलिंग बनाकर अभिषेक आरती की समापन दिवस पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव सह अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद ने पंडित अशोक शर्मा का सम्मान किया। सकल हिंदू समाज अध्यक्षगण चंद्रवंशी खाती समाज अध्यक्ष बीएस वर्मा, डोंगरे समाज अध्यक्ष मनीष डोंगरे, नामदेव समाज अध्यक्ष मुकेश नामदेव, चंद्रवंशी खाती समाज अध्यक्ष नारायण भूरू मुकाती, जाट समाज अध्यक्ष महेश जाट, जयसवाल समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण जायसवाल, करार समाज अध्यक्ष अचल करार, सिंधी समाज अध्यक्ष सुशील भोजवानी, स्वर्णकार समाज अध्यक्ष राधेश्याम सोनी आदि ने आयोजक दिनेश सोनी, धर्मेन्द्र सोनी का स्वागत सम्मान किया।

साप्ताहिक हाट बाजार में अव्यवस्थित वाहन बन रहे परेशानी का कारण

# हाट में हर कभी लगने वाले जाम से यात्री वाहन व एंबुलेंस को नहीं मिलता है रास्ता

अव्यवस्थित यातायात और अतिक्रमण के कारण नगर में भी आए दिन जाम के हालात बनते है। साप्तहिक हाट बाजार में सुबह से लेकर शाम तक जाम लगने के कारण लोग परेशान होते हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर में प्रत्येक बुधवार को भोपाल नाके के समीप पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर हाट बाजार लगता है यहां पर हाट बाजार में अवस्थित वाहन खड़े होने से के चलते पुराना भोपाल इंदौर मार्ग पर जाम लग जाता है आज भी 10 बजे से 11 के बीच 1 घंटे तक वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी। दरअसल बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक हाट बाजार में वाहनों के खड़े होने की जगह है उसके बाद भी कई बार रोड किनारे खड़े रहने से यातायात प्रभावित हो जाता है और जरा सी देर में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है आज भी बारिश के चलते कई वाहन सड़क किनारे खड़े थे और इस दौरान करीब 1 घंटे तक जाम लग गया। नागरिक शैलेश शर्मा, अखिलेश धनगर ने बताया है कि 1 घंटे तक आने जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी उठाना पड़ी इस मार्ग पर बुधवार के दिन वाहन धीरे-धीरे चलते हैं।

### जाम में यात्री बसें और एंबुलेंस भी फंसी

रोड पर वाहन खड़े रहने से दरगाह से लेकर भोपाल नाका तक और जेके हॉस्पिटल तक वाहनों की लंबी लाइन लग गई इस दौरान भोपाल इंदौर सहित अन्य मार्ग पर चलने वाली यात्री बसें और एक एंबुलेंस भी फस गई इधर दो पहिया वाहन चालक जाम से बचने के लिए आवास कॉलोनी से मुगली रोड होते हुए निकल गए।





# नशा मुक्ति अभियान से प्रेरित हुए ग्रामीणों ने गांव को नशा मुक्त कराने शुरू किए प्रयास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरूंदा

15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाये जा रहे नशा मुक्त अभियान का असर भी नजर आ रहा है। जहां एक तरफ प्रशासन जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नशे से दूर रहने और नशे के दुष्परिणाम बता रहे है।

इसी पहल के चलते अब सीहरे जिले की भैरूंदा के ग्राम अंबा कदीम में भी नशे के खिलाफ पूरा गांव खाडा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में संचालित शराब दुकान को बंद करने के साथ नशा करने वालों पर कार्रवाई करने तक की मांग कर रहे है।

### आए दिन होते है विवाद

ग्रामीणों ने प्रशासन को आवेदन देकर बताया कि गांव में अधिकतर लोग नशे की लत से परेशान है। गांव के लोग नशा कर गालिया देते है, कई बार तो विवाद की स्थिति भी बन जाती है। जिस के कारण ग्रामीण महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है।

### दिया सहमति पत्र

मंगलवार को ग्राम पंचायत में ही जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जहां पर ग्रामीणों ने आवेदन देकर गांव में संचालित हो रही शराब की दुकान बंद करने सहमति बनाई। सभी ग्रामीणों ने सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कर ग्राम पंचायत और एसडीएम को आवेदन दिया।

### कोई भी नशे में मिला तो हो कार्रवाई


अंबा कदीम के ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम को दिए आवेदन में उल्लेख किया कि सभी ग्रामीणों ने मिलकर सहमति दी है। ग्रामीणों ने कहा कि आज के बाद अगर गांव में कोई भी व्यक्ति नशा करता हुआ पाया गया तो उस व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### बाबा बूढ़ा अमरनाथ यात्रा को लेकर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बैठक में की चर्चा




**जावर।** बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस को लेकर खजुरिया खंड ग्राम इकाई आरोलिया में बैठक संपन्न हुई जिसमें बाबा बुढ़ा अमरनाथ यात्रा एवं स्थापना दिवस के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के जावर प्रखंड मंत्री यशवंत सिंह ठाकुर, प्रखंड संयोजक अंकुर बिल्लौरे, प्रखंड सह संयोजक भूपेंद्र सिंह ठाकुर की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुईं। बैठक में ग्राम इकाई बाजखेड़ी का गठन किया प्रखंड मंत्री द्वारा अध्यक्ष गगन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ठाकुर, मंत्री गजेंद्र सिंह ठाकुर, संयोजक गोलू सिंह ठाकुर की घोषणा हुई। बैठक में उपस्थित जावर नगर अध्यक्ष विशाल ठाकुर, संयोजक शिव प्रजापति, खजुरिया खंड मंत्री चेतन सिंह ठाकुर ,संयोजक महेंद्र सिंह ठाकुर, गोरक्षा प्रमुख कैलाश सिंह ठाकुर, लोकेंद्र पटेल, सवाई सिंह, गोपाल सिंह ,विजय सिंह, अर्जुन एवं समस्त ग्राम इकाई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का संचालन अंकुर बिल्लौरे ने किया।

# कण-कण में ईश्वर विराजित है और श्रद्धा से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है: बापचा धाम सरकार





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हमारे क्षेत्र में बापचा बरामद स्थित खुटालिया धाम अंचल की एक प्रसिद्ध और सिद्ध पीठ है जो जनसमुदाय की आस्था और विश्वास का केंद्र है इस धाम पर विराजित पड़ियार मोहन सिंह ठाकुर पीठ पर विराजित होकर आगतुक लोगो की समस्या सुनते है और धार्मिक आस्था से निराकरण करते है। बुधवार को पिठाधीश पड़ियार मोहन सिंह बापचा धाम सरकार के जन्मदिन होने से पुरे प्रदेश से भक्तगणों ने आकर एक मेले जैसा दृश्य बना दिया। इस शुभ बेला में बधाई देने मध्यप्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग मंत्री एवं भाजपा के श्रेष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय खुटालिया धाम पहुंचे, जहां उन्होंने धाम सरकार का आत्मीय अभिनंदन करते हुए जन्मदिन की बधाई शुभकामनाएं दी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष और प्रभु प्रेमी संघ के संयोजक कैलाश परमार अपने साथियो नरेंद्र सिंह ठाकुर केमिस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन सिंह अजय के साथ बापचा धाम पहुचे और उन्होंने पड़ियार मोहन सिंह ठाकुर बापचा धाम सरकार का शाल श्री फल पुष्प गुच्छ और बाबा महाकाल की प्रतिमा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार ने कहा की बापचा धाम सरकार हमारे अंचल की एक सिद्ध पीठ है। जहां हजारों श्रद्धालु अपनी आस्था और विश्वास के साथ अपनी समस्याओ को निराकृत कर जाते है। इस अवसर पर श्री धाम सरकार ने अपने सभी भक्त गणों को आशीर्वाद देते हुए कहा की हमारा देश ऋषि मुनियो का देश है। यहां श्रद्धा से व्यक्ति स्वयं मजबूत होता है और कई समस्याएं स्वमेव निराकृत हो जाती है हमारे यहां कण कण में ईश्वर विराजमान है और श्रद्धा ही शक्ति का बड़ा स्त्रोत है। इस अवसर प्रदेश और अंचल से आये भक्त गण उपस्थित थे।

# कलेक्टर व जनपद सीईओ ने गोशाला का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

वर्षा ऋतु में गोवंश के सड़कों पर एकत्र होने से दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा निर्मित गोशालाओ मैं गोवंश के रहने की व्यवस्था हेतु जिले स्तर से अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन निरीक्षण किया जा रहा है। विगत दिवस मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमित व्यास ने गोपालपुर, अरनिया गाजी, कल्याणपुरा ग्राम पंचायत की गोशालाओ का निरीक्षण किया गया। गौशाला में साफ सफाई गोवंश के पेयजल व भूसे की समुचित व्यवस्था करने हेतु संबंधित सरपंच सचिव को निर्देशित किया गया। बुधवार को कलेक्टर बाला गुरु ने ग्राम पंचायत रूपेटा की गौशाला का औचक निरीक्षण किया गया गौशाला की व्यवस्था को देखते हुए प्रसन्नता व्यक्त की गई ,साथ ही ग्राम/ग्राम पंचायत खड़ी हाट में 210 घरों के बाथरूम और किचन से निकलने वाले ग्रे वाटर प्रबंधन तथा उपचार के लिए सामुदायिक स्तर पर निर्मित की गई डिवाट्स संरचना का निरीक्षण कर संरचना के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नितिन टाले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अमित व्यास उपस्थित थे।

# मंडल कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर लगाए पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

भारतीय जनता पार्टी जावर मंडल द्वारा स्थानीय शिवालय मंदिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बेल पत्र का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया गया एवं सभी कार्यकर्ताओं ने हर वर्ष एक पौधा लगाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बाबूलाल पटेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वेद, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान, मदन विश्वकर्मा, वीरेन्द्र ठाकुर, महामंत्री राजा ठाकुर, धर्मेंद्र मालवीय, प्रेम सिंह महाकाल, धर्मेंद्र ठाकुर, राजू भावसार, राजेंद्र सेंधव, हरेंद्र विश्वकर्मा, दयाराम परिहार, योगेश भावसार, तेज सिंह भाटी, गोविंदराम मालवीय, राहुल ठाकुर, प्रतीक भावसार, पुरुषोत्तम भावसार, पवन मालवीय सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### व्यावसायिक शिक्षा व कौशल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए मॉडल



**खाचरोद।** पीएम श्री गवर्नमेंट हाई सेकंडरी स्कूल खामखेड़ा जत्रा विद्यालय परिसर में कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के आईटी और बयूटि से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए। चयन समिति में ग्राम के वरिष्ठ नागरिक इंदर सिंह पटेल, भूतपूर्व पीटीए अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर, एटीएल मैटर प्रभारी इंदर सिंह ठाकुर शिक्षक द्वारा आई सेंसर कार प्रथम, नेटवर्क सिक्योरिटी द्वितीय, फायर वर्क्स मॉडल को तृतीय स्थान दिया गया। 9वी से 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं की सहभागीदारी रही। प्राचार्य व समस्त शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर प्रोत्साहित किया। विद्यालय के प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर द्वारा बच्चों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के नोडल विनोद धारवा द्वारा समस्त अतिथियों स्टाफ सदस्यों एवं अन्य का आभार व्यक्त किया।

# 30 जुलाई तक चलाया जाएगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपर



पुलिस मुख्यालय द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाये जा रहे अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत थाना श्यामपुर में पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मीडियाकर्मियो व शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक संध्या मिश्रा, उपनिरीक्षक अवनीष मौर्य द्वारा उपस्थित नागरिको, मीडियाकर्मियो व शांति समिति के सदस्यो को नशे से दूर रहने की सलाह दी। बताया कि वर्तमान में नशे के प्रभाव में ही अपराधो में बड़ोत्तरी हो रही है। अगर मनुष्य नशे का त्याग करें तो उसका जीवन खुशहाल होगा। नशे से होने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। जिससे व्यक्ति को आर्थिक व शारीरिक नुकसान नही होगा। अगर व्यक्ति नशे का त्याग करता है तो नशे की हालत में होने वाली दुर्घटनाओ से बचा जा सकता है। बैठक में पूर्व ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण भाटी, रामेश्वर दयाल महेश्वरी, लाइव कुरैशी नवदीप श्रीवास्तव, प्रदीप पुष्पद, उपसरपंच निरपत सिंह, मथुरा प्रसाद, दाऊद मकबूल खा आदि उपस्थित थे।

सिद्धिगंज और जावर पुलिस ने नशा मुक्त अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

# छात्र-छात्राओं ने नशे से दूर रहने लोगों को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिद्धिगंज



नशा मुक्ति अभियान के तहत सिद्धि गंज थाना पुलिस द्वारा व पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। बालक बालिकाओं द्वारा नारे लगाकर नशे से दूरी है जरूरी, रैली के माध्यम से बताया गया। सभी को नशे से बचाना है, सभी को नशे से दूर रहना है। रैली के माध्यम से बताया गया कि नशीला पदार्थ का सेवन नहीं करना चाहिए। रैली ग्राम के मुख्य मार्ग पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, पुराना थाना रोड, चमन चौराहा, बड़ा बाजार, खाती मोहल्ला होते हुए पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल पहुंचे। जहां पर थाना प्रभारी द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं को नसे से संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। बताया गया कि कभी भी किसी प्रकार का नशा का सेवन नहीं करना चाहिए। नशा हमारे लिए एक खतरनाक पदार्थ है। वही हेल्पलाइन नंबर दिए गए 1933 मानस हेल्पलाइन नंबर,14416 नेशनल सुसाइड हेल्पलाइन नंबर, 14446 नशा मुक्ति हेल्पलाइन नंबर, 7049100785 मध्य प्रदेश नारकोटिक्स विभाग, विभिन्न प्रकार की हेल्पलाइन नंबर छात्र-छात्राओं को बताई गई, ताकि किसी भी प्रकार की अपराध एवं नशा को रोका जा सके। वहीं थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि यदि किसी भी बालिकाओं के साथ किसी भी प्रकार की घटना होती है तो तुरंत इसकी सूचना थाने या अपने शिक्षक को दें यदि कोई भी किसी भी प्रकार का अपराध करता हो उसकी भी सूचना तुरंत अपने परिजन व थाने में दे। छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार की धाराओं के बारे में अपराध संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि घर में या मोहल्ले में या गांव में कोई भी किसी भी प्रकार का नशा या कोई अपराध करता है तो हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत कराए। रैली में स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण व थाना प्रभारी राजू सिंह बघेल, एस आई सूरज परिहार, कार्तिक रावत राकेश डावर, राहुल माझी, नरोत्तम, जितेन, सारिका, एएसआई माघे सिंह ,महेश वर्मा समस्त सिद्धि गंज थाना स्टाफ मौजूद रहा।

### जावर में चला नशा मुक्ति अभियान



**जावर।** एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में सांदीपनी स्कूल जावर के शिक्षक, छात्र-छात्राओं, नगर-ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्य, नागरिक, पत्रकार व पुलिस स्टाफ ने मिलकर जावर में नशे के विरुद्ध जन जागरूक रैली निकाली। साथ ही छात्र-छात्राओं द्वारा नशे के दुष्प्रभाव संबंधी कविताएं, स्लोगन, चित्रकारी कर जनता में नशे के विरुद्ध जन जागरूकता कार्यक्रम किया। बच्चों को प्रोत्साहित करने इनाम वितरण भी किया गया।

# गुरुजी और लाभार्थी परिवार का होटल व्यापारी संघ ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर आष्टा में शिवभक्ति का अद्भुत आयोजन माखनलाल, दिनेश कुमार ,धर्मेन्द्र सोनी ,मोहित ,राज ,एवं अभिजीत सोनी परिवार द्वारा किया जा रहा है। निज निवास, ओमशांति मार्ग, ब्लैक भवन रोड पर चल रहे पार्थेश्वर शिवलिंग निर्माण, पूजन, महाअभिषेक व श्री शिव कथा के पांच दिवसीय कार्यक्रम का संचालन पं. अशोककुमार शर्मा आचार्य के सानिध्य में हो रहा है। आयोजन के चतुर्थ दिवस गुरु जी एवं लाभार्थी परिवार का होटल व्यापारी संघ के द्वारा पुष्मला से स्वागत किया जिसमे उपस्थित संघ के अध्यक्ष सौरभ जैन शीतल, महामंत्री दिलीप वशिष्ट, राजेंद्र जायसवाल , उज्जवल जैन , उत्थान धारवा, हर्ष राठौर, लोकेंद्र वशिष्ट, मनोहर मेवाडा आदि ने स्वागत सम्मान किया।